# बिहार सरकार
## योजना एवं विकास विभाग
## मासिक/दैनिक भाड़े पर वाहन उपलब्ध कराने हेतु निविदा

योजना एवं विकास विभाग, बिहार, अधीनस्थ निदेशालयों, मुख्य अभियंता स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन कार्यालय तथा बिहार राज्य योजना पर्षद के कार्यालय/पदाधिकारियों द्वारा पटना एवं पटना से बाहर भ्रमण हेतु वित्तीय वर्ष 2022–23 से 2024–25 में भाड़े पर वाहन, जिनका निबंधन वाणिज्यक वाहन के रूप में हो, की आपूर्त्ति हेतु निबंधित संस्थानों/फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है। मुहरबंद निविदा दिनांक 11.04.2022 के अपराह्न 3.00 बजे तक निबंधित/स्पीड या हाथों हाथ, पुराना सचिवालय स्थित विभाग के उप निदेशक (लेखा), योजना एवं विकास विभाग, पुराना सचिवालय पटना 800015, द्वारा केवल कार्य दिवसों को, कार्यालय अवधि में प्राप्त किया जायेगा। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 12.04.2022 के अपराह्न 3.00 बजे विभागीय क्रय समिति के समक्ष खोला जायेगा, जिसमें निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि भाग ले सकते है स्वीकृत फर्म का दर तीन वर्षों के लिए मान्य होगा कार्य संतोषप्रद रहने पर एक वर्ष के लिए विस्तारित किया जा सकता है।

तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग मुहरबंद लिफाफे में देना होगा। निविदा की शर्त योजना एवं विकास विभाग के वेबसाईट http://planning.bih.nic.in पर या या विभाग के उप निदेशक (लेखा) से किसी भी कार्य दिवस कार्यालय अवधि में प्राप्त किया जा सकता है। जमानत की राशि 25,000/–(पच्चीस हजार) रूपये मात्र का डिमांड ड्राफ्ट के रूप में निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना के पदनाम से देय हो तकनीकी निविदा के साथ जमा करना होगा।

21.03.2022

उप निदेशक (लेखा)
योजना एवं विकास विभाग
बिहार, पटना

**बिहार सरकार**
**योजना एवं विकास विभाग**
**<u>भाड़े पर वाहन आपूर्ति हेतु वित्तीय निविदा का प्रपत्र</u>**

योजना एवं विकास विभाग, अधीनस्थ निदेशालयों, मुख्य अभियंता स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन कार्यालय एवं बिहार राज्य योजना पर्षद कार्यालय/पदाधिकारियों के कार्यालय व्यवहार/पटना एवं पटना से बाहर, राज्य के विभिन्न जिलों के परिभ्रमण हेतु भाड़े के वाहन यथा इनोवा क्रिस्टा/टाटा सफारी (न्यू मॉडल)/स्कार्पियों/क्रेटा/डिजायर/डस्टर/एर्टिगा मासिक/दैनिक आधार पर आवश्यकता है। बिहार राज्य में व्यावसायिक वाहन के रूप में निबंधित वाहनों की आपूर्ति के लिए इच्छुक अनुभवी एवं निबंधित निविदादाताओं से सील बंद निविदा दिनांक 11.04.2022 के **अपराह्न** 3.00 **बजे** तक आमंत्रित की जाती है। सीलबंद निविदा योजना एवं विकास विभाग के उप निदेशक (लेखा) पुराना सचिवालय पटना 800015 के पदनाम से डाक अथवा हाथो–हाथ केवल कार्यालय दिवस एवं कार्यालय अवधि मे प्राप्त किये जाऐंगे। सभी निविदाएँ निविदा समिति के द्वारा दिनांक 12.04.2022 के **अपराह्न 3.00 बजे** खोली जाएगी जिसमें निविदादाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि भाग ले सकते है। वैसे फर्म जिन्हें निम्नांकित शर्त मान्य है, निविदा में भाग ले सकते है। निविदा की शर्त निम्नवत हैः–

**1. एक बड़े लिफाफे मे तकनीकी निविदा तथा वित्तीय निविदा अलग–अलग सीलबंद लिफाफे मे रखे होने चाहिए। निविदादाता द्वारा तकनीकी निविदा के लिफाफे में निम्नांकित कागजात रखे जायेंगेः (सभी कागजात स्व अभिप्रमाणित होने चाहिए)**

(i) निविदादाता फर्म के रजिस्ट्रेशन प्रमाण–पत्र की अभिप्रमाणित प्रति।
(ii) पैन कार्ड की अभिप्रमाणित छायाप्रति तथा वित्तीय वर्ष 2017–18, 2018–19 एवं वित्तीय वर्ष 2019–20 को आयकर रिटर्न की अभिप्रमाणित छायाप्रति।
(iii) GST निबंधन की अभिप्रमाणित छायाप्रति।
(vi) जमानत राशि कुल 25,000/–(पच्चीस हजार) रूपये का बैंक ड्राफ्ट निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, योजना एवं विकास, बिहार, पटना के पदनाम से मूल में समर्पित किया जायेगा।
(v) इस आशय का शपथ पत्र मूल में देना होगा कि उन्हें केन्द्र/राज्य सरकार के किसी भी विभाग द्वारा काली सूची में नही रखा गया है।
(vi) निविदादाता के फर्म का वार्षिक टर्न–ओवर कम से कम 10 लाख रूपये का होना चाहिए। इसके समर्थन में Audit Report की छायाप्रति (वर्ष 2020–21 का)।
(vi) विगत तीन वर्षों का सरकारी/अर्द्धसरकारी कार्यालय में वाहन आपूर्ति के अनुभव से संबंधित प्रमाण पत्र।

2. निविदादाता द्वारा 'वित्तीय निविदा' निम्न प्रकार से देनी होगी:–

| निविदा प्रारूप 'क'<br>वाहन का मासिक दर (चालक, वाहन का रख–रखाव एवं ईंधन सहित) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र0 | वाहन का विवरण | 1000 कि०मी० प्रति माह | 1000 कि०मी० के बाद अतिरिक्त प्रति कि०मी० | रात्रि विश्राम दर | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| I | इनोवा क्रिस्टा –ए0सी0 | | @RS....... | | |
| II | टाटा सफारी (न्यू मॉडल)/क्रेटा | | @RS....... | | |
| III | स्कॉरपियो /सियाज/ डस्टर/एर्टिगा –ए0सी0 | | @RS....... | | |

| निविदा प्रारूप 'ख'<br>वाहन का दैनिक दर (ईंधन एवं चालक सहित) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र0 | वहन का विवरण | 80 कि०मी० अथवा 8 घंटा | अतिरिक्त कि०मी० | अतिरिक्त घंटा | रात्रि विश्राम की दर |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| I | इनोवा क्रिस्टा –ए0सी0 | @RS....... | @RS....... | @RS....... | |
| II | टाटा सफारी (न्यू मॉडल)/क्रेटा | @RS....... | @RS....... | @RS....... | |
| III | स्कॉरपियो /सियाज/ डस्टर/एर्टिगा –ए0सी0 | @RS....... | @RS....... | @RS....... | |

**3.तकनीकी निविदा के सफल निविदादाताओं के ही वित्तीय निविदा पर विचार किया जायेगा।**

<u>अन्य शर्तः–</u>

(1) कार्य हेतु स्वीकृत सफल फर्म का दर तीन वर्ष के लिए मान्य होगा। कार्य संतोषप्रद रहने पर आगामी एक वर्ष के लिए विस्तारित किया जा सकता है। फर्म द्वारा कार्य अस्वीकार करने पर अग्रधन वापस नहीं किया जायेगा तथा उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

(2) निविदा अपूर्ण रहने पर उसे अमान्य कर दिया जायेगा।

(3) निविदादाता द्वारा समर्पित किये जाने वाले सभी प्रमाण पत्र/अभिलेख उनके द्वारा स्व–हस्ताक्षरित होना आवश्यक है अन्यथा उसकी मान्यता नहीं दी जायेगी।

(4) नियमानुसार निर्धारित 'कर' कटौती के बाद ही भुगतान किया जायेगा।

(5) वाहन खराब या दुर्घटनाग्रस्त होने पर वैकल्पिक वाहन की व्यवस्था निविदादाता को करना होगा। वैकल्पिकवाहन की व्यवस्था नहीं करने पर औसत दैनिक दर से दोगुनी दर की वसूली निविदादाता से की जायेगी।

(6) वाहन सप्ताह के सातों दिन उपलब्ध कराना होगा एवं पदाधिकारियों के कार्य अवधि/निदेशानुसार वाहन का परिचालन करना होगा अर्थात् वाहन उपलब्ध कराने के मामले में कार्यालय हेतु निर्धारित अवधि के अतिरिक्त संबद्ध पदाधिकारी के आवश्यकतानुसार वाहन उपलब्ध कराना होगा।

(7) सेवा में टूट होने पर उस दिन की समानुपातिक राशि के अलावे 500/– रूपये (पाँच सौ) रूपये प्रतिदिन की दर से दण्ड राशि की कटौती फर्म/संस्था के द्वारा दिये गये दावे से की जायेगी।

(8) जब भी जितनी संख्या में गाड़ी की माँग की जायेगी फर्म/संख्या को उतनी ही संख्या में निर्धारित समय के अन्दर गाड़ी उपलब्ध कराना होगा।

(9) चालक के अस्वस्थ होने/वाहन खराब होने पर तत्काल दूसरे चालक/वाहन की व्यवस्था निविदादाता को करनी होगी।

(10) वाहन में ईधन की आपूर्ति एवं आवश्यक मरम्मति पर व्यय का वहन भी निविदादाता के द्वारा ही किया जायेगा।

(11) निविदादाता द्वारा दिया गया दर ईधन सहित, सभी करों, चालक व्यय, प्रदूषण जाँच, बीमा, मरम्मति, टॉल टैक्स एवं रख रखाव के साथ मानी जायेगी।

(12) बिहार राज्य में वाणिज्यिक रूप से निबंधित वाहन को ही लिया जायेगा।

(13) निविदादाता को अच्छी स्थिति में (Well-Maintained) वाहन उपलब्ध कराने की अनिवार्यता होगी तथा 3 (तीन) साल से ज्यादा पुराना वाहन नहीं लिया जायेगा साथ ही वाहन 40,000 km से अधिक नही चली होनी चाहिए।

(14) सफल फर्म की दर पर योजना एवं विकास विभाग से संबद्ध सभी कार्यालय यथा अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय/मुल्यांकन निदेशालय/योजना पर्षद/बिहार सांख्यिकी तंत्र विकास अभिकरण एवं संबद्ध अन्य संस्थान द्वारा आवश्यकता अनुसार अधियाचना की जा सकेगी।

(15) वाहन परिचालन के दौरान किसी प्रकार की क्षति या आकस्मिक दुर्धटना के लिए योजना एवं विकास विभाग जिम्मेवार नहीं होगा।

(16) प्रति दिन की गणना हेतु शून्यकाल से रात्रि के मध्यकाल तक एक दिन माना जाऐगा।

(17) निविदादाता द्वारा वाहन नहीं उपलब्ध कराने की स्थिति में अथवा उपलब्ध कराये गये खराब वाहनों की स्थिति एवं सेवा संतोषप्रद नहीं होने पर दण्डात्मक कटौती/जमानत की जमा राशि को जब्त किया जा सकता है, जिसके लिए किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

(18) (क) इनोवा क्रिस्टा (ख) टाटा सफारी (न्यू मॉडल) (ग) स्कॉरर्पियों/क्रेटा/सियाज/एर्टिगा/डस्टर वाहनों के लिए क्रमशः प्राथमिकता (Weightage) 50%, 30%, 20% रखी गयी है, अर्थात वाहनो का दर उपर्युक्त प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित करते हुए न्यूनतम आकलित दर वाले निविदादाता का चयन किया जायेगा।

(19) अधोहस्ताक्षरी को यह अधिकार होगा कि बिना कोई कारण बताये निविदा में संशोधन/ स्थगित या रद्द कर सकते है। इसके विरूद्ध कोई भी दावा कहीं भी स्वीकार नहीं होगा।

(20) विवाद की स्थिति में प्रधान सचिव/सचिव, योजना एवं विकास विभाग का निर्णय अंतिम होगा।

(21) वाहन आपूर्तिकर्त्ता, आपूर्ति किये गये वाहन को नियत स्थान एवं समय पर ईधन की टंकी फुल करके भेजेंगे।

(22) तकनीकी निविदा में निर्धारित शर्तों को पूरा करने वाले निविदादाताओं के ही वित्तीय निविदा पर विचार किया जायेगा।

(23) स्वीकृत निविदादाता को शर्तों के अनुरूप एकरारनामा करना होगा।

21.03.2022

उप निदेशक (लेखा)
योजना एवं विकास विभाग
बिहार, पटना

निविदा निर्धारण
Weightageके आधार पर (उदाहरणार्थ)

| क्र0 | निविदादाता | इनोवा क्रिस्टा– ए0सी0 | टाटा सफारी (न्यू मॉडल) / क्रेटा | स्कॉपियो / सियाज / एर्टिगा / डस्टर –ए0सी0 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | A | 50000 / – | 40000 / – | 35000 / – |
| 2 | B | 45000 / – | 46000 / – | 32000 / – |

निविदा निर्धारण
Weightageके आधार पर

| क्र0 | वाहन का विवरण / निविदादाता | इनोवा क्रिस्टा – ए0सी0 (50%) | टाटा सफारी (न्यू मॉडल) / क्रेटा (30%) | स्कॉपियो / सियाज / एर्टिगा / डस्टर –ए0सी0 (20%) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | A | 25000 / – | 12000 / – | 7000 / – |
| 2 | B | 22500 / – | 13800 / – | 6400 / – |

निविदा निर्धारण
Weightageके आधार पर

| क्र0 | वाहन का विवरण / निविदादाता | इनोवा क्रिस्टा – ए0सी0 (50%) | टाटा सफारी (न्यू मॉडल) / क्रेटा (30%) | स्कॉपियो / एर्टिगा–ए0सी0 (20%) | Total Weightage | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | A | 25000 / – | 12000 / – | 70000 / – | 44000 / – | (L2) |
| 2 | B | 22500 / – | 13800 / – | 6400 / – | 42700 / – | (LI) |